कार्यालय जनपद पंचायत बीजापुर, जिला बीजापुर (छ.ग.)

विज्ञापन

क्रमॉक /380 / ज0पं0 / स्था. / VBGRAMG / 2026–27 बीजापुर दिनॉक 04/ 11 / 2026

आयुक्त महोदय विकसित भारत–जी राम जी नवा रायपुर अटल नगर (छत्तीसगढ़) के पत्र क्रमांक 1/702461/2026 / वि–7 / @VB-GRAMG / स्थापना / नया रायपुर अटल नगर दिनांक 16.10..2026 के द्वारा दिये गये निर्देशानुसार निम्नलिखित ग्राम पंचायतों में विकसित भारत–जी राम जी योजनान्तर्गत ग्राम रोजगार सहायक पद पर, मानदेय पदो पर भर्ती हेतु निर्देश प्राप्त हुआ है। तद्उपरांत उक्त पद पर अपनी सेवाएं देने हेतु इच्छुक उम्मीदवारो से दिनांक **05/11/2026 से 30/ 11/2026** तक निर्धारित प्रपत्र में आवश्यक दस्तावेजो सहित आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। पूर्ण रूप से भरे गये आवेदन पत्र प्रातः **10.30 से अपरान्ह 05 बजे** तक कार्यालय जनपद पंचायत बीजापुर में स्वयं या डाक के माध्यम से जमा किए जा सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नही किया जाएगा। जिला पंचायत बीजापुर द्वारा जारी आरक्षण रोस्टर अनुसार आदेश क्रमांक / 572 / जि.प. / मु.का.अधि. / स्था. / 2012 बीजापुर, दिनांक 26.05.2012 का पालन करते हुए रिक्तियों का विवरण निम्नानुसार है।

क्र	ग्राम पंचायत का नाम	वर्ग	महिला / पुरूष	टिप्पणी
1	2	3	4	5
1	बुरजी	अ.ज.जा.	मुक्त	उक्त प्रत्येक ग्राम पंचायत में एक–एक ग्राम रोजगार सहायक की भर्ती की जानी है।
2	पीड़िया	अ.ज.जा.	महिला	
3	एरमनार	अ.ज.जा.	मुक्त	
4	कडेनार	अ.ज.जा.	मुक्त	
5	कमकानार	अ.ज.जा.	महिला	
6	तोड़का	अ.ज.जा.	मुक्त	
7	पेद्दाकोरमा	अनारक्षित	महिला	
8	पुसनार	अ.ज.जा.	महिला	
9	ईटपाल	अनारक्षित	मुक्त	
10	पेद्दाकोड़ेपाल	अ.ज.जा.	मुक्त	
11	कडेर	अ.ज.जा.	मुक्त	
12	गमपुर	अ.ज.जा.	महिला	
13	मनकेली	अ.ज.जा.	मुक्त	
14	डोडीतुमनार	पिछड़ावर्ग	महिला	

Scanned with OKEN Scanner

15	पदेड़ा	अ.ज.जा.	मुक्त	
16	संतोषपुर	अ.ज.जा.	मुक्त	
17	पालनार	अ.ज.जा.	महिला	
18	पदमूर	अ.ज.जा.	महिला	
19	गोंगला	अ.जा.	महिला	
20	मेटापाल	पिछड़ावर्ग	महिला	
21	बोरजे	अनारक्षित	मुक्त	
22	मिड़ते	पिछड़ावर्ग	मुक्त	
23	चिन्नाकवाली	अ.ज.जा.	महिला	

भर्ती हेतु **नियम एवं शर्तेः–**

1. ग्राम रोजगार सहायक पद पर मानदेय नियुक्ति 01 वर्ष के लिये की जायेगी जो पूर्णतः अस्थायी होगी।
2. ग्राम रोजगार सहायक पदों की स्वीकृति अनुसार नियुक्त उम्मीदवार के कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से 28.02.2027 तक लिए होगी,तत्पश्चात् नियुक्तिकर्ता अधिकारी द्वारा कार्य योग्यता, कार्य क्षमता एवं व्यवहार तथा विभाग के आवश्यकता के आधार पर व मानेदय नियुक्ति की उपयुक्ता का आंकलन कर आगे बढ़ाने का निर्णय लिया जा सकेगा। मानदेय नियुक्ति की अवधि की समाप्ति पर मानदेय नियुक्ति स्वयंमेय समाप्त मानी जावेगी।
3. मानेदय पर नियुक्त ग्राम रोजगार सहायकों को शासन द्वारा निर्धारित मासिक एकमुश्त राशि प्रतिमाह 9960 रू.) देय होगी। इसके अतिरिक्त अन्य कोई भत्ता आदि देय नही होगा।
4. **पात्रताः–**
   (क) आवेदक को 12 वीं पास (अ.ज.जा. एवं अ.जा. हेतु 10 वीं पास) न्यूनतम हायर सेकेन्ड्री परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। बस्तर एवं सरगुजा संभाग के लिए रोजगार सहायक पद हेतु शैक्षणिक अर्हता का प्राथमिकता क्रम
   1. 12 उत्तीर्ण
   2. 10 वीं उत्तीर्ण
   3. 8 वीं उत्तीर्ण

   (ख) आवेदक को उसी ग्राम पंचायत का निवासी होना अनिवार्य है जिस पंचायत में भर्ती हेतु आवेदन किया गया है।
   (ग) आवेदक की आयु 01.01.2026 की स्थिति में 18 वर्ष से कम तथा 40 वर्ष से अधिक नही होनी चाहिऐ। आरक्षित वर्ग को नियमानुसार आयु सीमा में छूट दी जावेगी।
5. आवेदन पत्र के साथ संलग्न किये जाने वाले दस्तावेज :–

   (क) शैक्षाणिक योग्यता संबंधी प्रमाण पत्रों की सत्यापित प्रति।
   (ख) आवेदक की आयु संबंधी प्रमाण पत्र (मैट्रिक सर्टिफिकेट की प्रति)
   (ग) निवास प्रमाण पत्र।
   (घ) जाति प्रमाण पत्र (यदि लागू हो)।
   (ड़) रोजगार पंजीयन प्रमाण पत्र।
6. अनु. जाति/अनु.ज.जाति के महिला अभ्यर्थी नही होने पर उसी वर्ग के पुरूष अभ्यर्थी को चयनित किया जा सकेगा।
7. जिन ग्राम पंचायतों में पात्र अभ्यर्थियों के आवेदन पत्र प्राप्त नही होते है तो उनके स्थान पर समीपवर्ती ग्राम पंचायत (जनपद पंचायत बीजापुर के अंतर्गत) निवासी उसी वर्ग के अभ्यर्थी का मेरिट अनुसार चयन किया जा सकेगा।
8. आवेदक का रोजगार कार्यालय में जीवित पंजीयन होना अनिवार्य है। पंजीयन प्रमाण पत्र संलग्न करें।

Scanned with OKEN Scanner

9. चयन प्रक्रियाः–

(क) जनपद पंचायत स्तर पर गठित चयन समिति द्वारा ग्राम पंचायत वार मेरिट सूची तैयार की जावेगी तथा जिला कार्यक्रम समन्वयक (कलेक्टर) के अनुमोदन पश्चात् मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पचांयत बीजापुर के द्वारा नियुक्ति आदेश जारी किया जावेगा।

(ख) चयन हेतु 100 अंको वाली मेरिट सूची तैयार की जावेगी।

(ग) न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता में प्राप्त अंकों का अधिभार– 70 प्रतिशत

(घ) मान्यता प्राप्त संस्था से एक वर्षीय कम्प्यूटर डिप्लोमा /सर्टिफिकेट (पीजीडीसीए/डीसीए/आई.टी.आई) – 15 अंक।

(अथवा)

पंचायत सह डाटा एन्ट्री ऑपरेटर के पद पर कम से कम छः माह का अनुभव पर 15 अंक।

(ड) शासकीय ग्रामीण विकास योजनाओं में कम से कम समान मानदेय पर कार्य का अनुभव पर– 06 माह के लिए 05 अंक एवं 06 माह से अधिक पर प्रत्येक 06 माह हेतु 01 अंक के आधार पर अधिकतम 15 अंक ।

10. विज्ञापन का अवलोकन जिले की वेबसाइट www.bijapur.gov.in में भी किया जा सकता है।

11. सक्षम प्राधिकारी जारी स्थायी प्रमाण पत्र ही मान्य किया जावेगा। स्थायी जाति प्रमाण पत्र के साथ जाति सत्यापन प्रमाण पत्र अथवा शपथ पत्र संलग्न करना होगा।

12. आवेदन में आवेदक का फोटो एवं समस्त प्रमाण पत्र तथा अंकसूची स्व–प्रमाणित सत्यापित होना आवश्यक है। स्व. प्रमाणित न होने की स्थिति में आवेदन पत्र निरस्त माना जावेगा।

13. मानदेय अवधि के दौरान दोनों पक्षों में से किसी एक पक्ष के द्वारा 1 माह की पूर्व सूचना या उसके एवज में एक माह का वेतन देकर नियुक्ति समाप्त की जा सकेगी।

14. अपूर्ण/अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्र निरस्त कर दिया जावेगा। एवं पृथक से कोई सूचना नहीं दी जावेगी।

15. लिफाफे के उपर पद का नाम जिसके लिए आवेदन किया जा रहा है। एवं ग्राम पंचायत का नाम स्पष्ट उल्लेख किया जावे। अन्यथा आवेदन निरस्त किया जा सकता है। इसी प्रकार लिफाफे के उपर प्रेषक के नाम एवं पत्र व्यवहार का पता लिखा जावे।

16. प्राप्त आवेदनों एवं चयन के संबंध में कलेक्टर एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक महोदय, जिला बीजापुर का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा।

17. उपरोक्त समस्त नियम/शर्ते नियुक्ति किए जाने की स्थिति में वांछनीय होगी।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जनपद पंचायत बीजापुर

पृ0 कमांक/380/A1/ज.प./स्था./VB-G RAMG/2026–27 बीजापुर दिनांक 04/11/2026

प्रतिलिपि :

1 कलेक्टर एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक, (VBGRAMG) प्रकोष्ठ बीजापुर, जिला बीजापुर की ओर सादर सूचनार्थ।

2 मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत बीजापुर को सादर सूचनार्थ ।

3 अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बीजापुर की ओर सूचनार्थ ।

4 जिला जनसम्पर्क अधिकारी बीजापुर की ओर जिले में प्रकाशित समाचार पत्रों में प्रकाशनार्थ।

5 जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी, (डीआईओ), जिला कार्यालय बीजापुर की ओर उक्त विज्ञापन जिले की वेबसाइट में अपलोड करने हेतु।

6 सरपंच/सचिव ग्राम पंचायत..... को सूचनार्थ एवं प्रचार–प्रसार हेतु पालनार्थ। विज्ञापन में आवेदन पत्र की एक– एक प्रति मार्गदर्शन हेतु संलग्न।

7 नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु..... ।

8 प्रधान संपादक ..... को सूचनार्थ एवं प्रकाशन हेतु पालनार्थ।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जनपद पंचायत बीजापुर

Scanned with OKEN Scanner

आवेदन पत्र

स्व प्रमाणित
फोटो

प्रति,

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जनपद पंचायत बीजापुर
जिला – बीजापुर (छ.ग.)

1. आवेदित पद का नाम :– ग्राम रोजगार सहायक (ग्राम पंचायत.....
3. आवेदक का नाम :–.....
4. पिता/पति का नाम :–.....
5. वर्ग (अना./अजा./अजजा./अ.पि.वर्ग):–.....
6. लिंग (पुरूष /महिला) :–.....
7. जन्मतिथि (अंको में) :–
(शब्दों में) :–
8. आयु (01.01.2026 के अनुसार) :– .... वर्ष .....माह.....दिन
9. स्थायी पता :–.....
.....
:–.....
10. पत्र व्यवहार का पता :–.....
:–.....
:–.....

11. आवेदक की शैक्षणिक योग्यता :–

क्र	उत्तीर्ण परीक्षा	वर्ष	परीक्षा परिणाम				बोर्ड का नाम
			पूर्णांक	प्राप्तांक	प्रतिशत	श्रेणी	
1							
2							
3							
4							
5							
6							

Scanned with OKEN Scanner

12. अन्य अर्हता का विवरण (यदि कोई हो) :–.....

13. विकलांग (हॉ/नहीं) :–..... (यदि हॉ तो विकलांगता का प्रतिशत)– .....

14. समस्त शैक्षणिक योग्यता स्व.प्रमाणित संलग्न करे।

आवेदक के हस्ताक्षर
नाम एवं पता .....

.....

घोषणा पत्र

मै घोषणा करता/करती हूँ कि मेरे द्वारा आवेदन पत्र में प्रस्तुत सम्पूर्ण जानकारी पूर्णतः सत्य है। मेरे द्वारा आवेदन में प्रस्तुत जानकारी असत्य पाये जाने पर आवेदन पत्र निरस्त किया जा सकेगा तथा मेरे विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की जा सकेगी। इन परिस्थितियों में सक्षम प्राधिकारी को नियुक्ति निरस्त करने का अधिकार होगा एवं उनका निर्णय मुझे पूर्णतः मान्य होगा।

आवेदक के हस्ताक्षर
नाम एवं पता .....

.....

Scanned with OKEN Scanner